
# नव भारत

राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से








# संसद में बीजेपी-कांग्रेस आमने-सामने




## किताब वर्सेस किताबें : राहुल ने कहा- किताब विदेश में उपलब्ध, पीएम को करूंगा भेंट

**नई दिल्ली, 04 फरवरी. राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने जब से संसद में डोकलाम का मुद्दा उठाया है, तब से हंगामा शांत होने का नाम नहीं ले रहा है. विपक्षी सांसदों के लगातार हंगामे के चलते बुधवार को लोकसभा की कार्यवाही 4 बार स्थगित हुई, जिसके बाद शाम 5 बजे सदन को गुरुवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया. हंगामे के कारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आज शाम 5 बजे होने वाले राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर संबोधन भी टल गया.**



जिस पूर्व सेना प्रमुख की अनपब्लिश्ड किताब के कारण हंगामा मचा हुआ है और जो किताब अभी तक पर्दे के पीछे थी. अब उस किताब को लेकर राहुल गांधी संसद पहुंच गए. किताब को हवा में लहराते हुए उन्होंने कहा कि यह किताब विदेश में उपलब्ध है. साथ ही कांग्रेस नेता ने कहा कि पीएम मोदी जब संसद आएंगे तो किताब भेंट करूंगा.




वहीं, भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने गांधी परिवार और कांग्रेस पर लिखी किताबें और नोट्स दिखाए. उन्होंने कहा इन किताबों में एडविना एंड नेहरू, रेमिनिसेंस ऑफ द नेहरू एज, द रेड साड़ी, एक्सीडेंटल प्राइम मिनिस्टर समेत दूसरी किताबें और नोट्स दिखाए. इस बीच आज फिर चेयर की तरफ विपक्षी सांसदों ने पेपर उड़ाए.

### बुलडोजर पॉलिटिक्स का हो रहा इस्तेमाल



कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने संसद में कहा कि देश खतरनाक दौर से गुजर रहा. देश में सिलेक्टिव टार्गेटिंग और बुलडोजर पॉलिटिक्स का इस्तेमाल हो रहा है. मोदी केरल में चुनाव आने पर चर्च में जाते हैं, लेकिन उन पर होने वाले अत्याचार पर खामोश रहते हैं. राष्ट्रपति जिन्होंने गरीब और कमजोर की पीड़ा को खुद देखा है. उनके भाषण में उसका जिक्र नहीं था. पीएम संसद में सवालों से बचते हैं. 16वीं 17वीं लोकसभा में 8123 सवाल पूछे गए.

### राहुल को ओम बिरला की दो टूक, कहा- मर्यादा ना तोड़ें



संसद में हंगामें के बीच ओम बिरला ने राहुल गांधी और विपक्ष को कड़ी नसीहत दी. उन्होंने विपक्षी सदस्यों से कहा, इस देश में अलग-अलग समय आप सरकार में रहे हैं. मेरा मत है कि इतने लंबे समय तक सरकार में रहने के बावजूद आप सदन की परंपराओं और मर्यादाओं को तोड़ रहे हैं. विरोध का तरीका और हो सकता है. लेकिन आप उस जगह (सत्तापक्ष की सीटों की तरफ) जाकर मर्यादाओं को तोड़ेंगे तो लोकतंत्र के प्रति लोगों को विश्वास कम होगा. विरोध तर्कों से होता है, प्रदर्शन और हंगामे से नहीं.

### सदन में किताब-पत्रिका पढ़ने का नियम

विशेषज्ञों को अनुसार सदन में जो भी किताब और न्यूज पेपर पढ़ा जाता है, उसके लिए परंपरा ये है कि उसे प्रमाणित करने के लिए सेक्रेटरी जनरल और टेबल ऑफिस को देना होता है. वहां टेबल बताना होता है कि उसे वो प्रमाणित कर रहे हैं. यह पहले से एक परंपरा रही है, जिसका अब पालन नहीं किया जा रहा है. इसके अलावा किसी भी पेपर को पढ़ने से पहले एडवांस में लोकसभा में देना होता है, जिससे पेपर आधारित प्रक्रिया पूरी हो जाए और सभी सदस्यों को वो मिल जाए.

## देखो गद्दार जा रहा है : राहुल

### मंत्री बिट्टू ने राहुल को बताया देश का दुश्मन

**नई दिल्ली, 04 फरवरी. लोकसभा में लगातार हंगामे के बीच बुधवार को संसद परिसर में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और केंद्रीय राज्य मंत्री व भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद रवनीत सिंह बिट्टू के बीच तीखी नोंकझोंक देखने को मिली. दोनों नेताओं ने एक दूसरे पर टिप्पणियां कीं.**

संसद भवन की सीढ़ियों पर खड़े होकर राहुल गांधी निलंबित सांसदों के साथ प्रदर्शन कर रहे थे. इसी बीच, रवनीत सिंह बिट्टू वहां से गुजर रहे थे. बिट्टू को देखते हुए राहुल गांधी ने प्रतिक्रिया दी और उन्हें 'गद्दार दोस्त' कहकर संबोधित किया. उन्होंने कहा, मेरे गद्दार दोस्त. चिंता मत करो, वापस आऊंगा. इस बीच राहुल ने आगे बढ़कर रवनीत से हाथ मिलाने की भी कोशिश की. हालांकि, कांग्रेस सांसदों के सामने रवनीत ने राहुल से हाथ नहीं मिलाया. इसके बाद रवनीत ने भी नेता प्रतिपक्ष की टिप्पणी पर पलटवार किया और उन्हें देश का दुश्मन बताया और संसद भवन के अंदर चले गए. उनके पीछे राहुल भी भवन में चले गए. बता दें कि राहुल गांधी के केंद्रीय राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू को गद्दार कहने पर संसद से लेकर सड़क तक उनका विरोध हो रहा है.

### एक नजर में




#### ईडी ने 19.10 करोड़ की संपत्ति की कुर्क

**नई दिल्ली.** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के जालंधर क्षेत्रीय कार्यालय ने बुधवार को जानकारी दी कि उसने व्यूनाउ ग्रुप ऑफ कंपनीज से जुड़े धन शोधन की जांच के सिलसिले में 19.10 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की है. ईडी ने गौतम बुद्ध नगर (नोएडा) पुलिस और पंजाब पुलिस की दर्ज की गई विभिन्न प्राथमिकियों के आधार पर धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत अपनी जांच शुरू की थी. जांच के दौरान, ईडी को पता चला कि व्यूनाउ ग्रुप के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) और संस्थापक सुखविंदर सिंह खरौर ने अन्य आरोपियों और संस्थाओं के साथ मिलीभगत करके कई हजार करोड़ रुपये के क्लाउड पार्टिकल घोटाले को अंजाम दिया था.

#### टर्किश एयरलाइंस के इंजन में लगी आग


**नई दिल्ली.** टर्किश एयरलाइंस के विमान के इंजन में उड़ान के दौरान आग लग जाने से उसकी कोलकाता में आपात लैंडिंग कराई गई. विमान में 236 यात्री सवार थे. कोलकाता में लैंडिंग के बाद सभी यात्रियों और चालक दल के सदस्यों को सुरक्षित उतारा गया. उड़ान संख्या टीएचवाई727 ने नेपाल की राजधानी काठमांडू से तुर्की के इस्तांबुल शहर के लिए उड़ान भरी थी. रास्ते में उसके दाहिने इंजन में आग लग गयी. पायलट ने दोपहर बाद एक बजकर 38 मिनट पर आपात स्थिति की घोषणा करते हुए कोलकाता में उतरने की अनुमति मांगी जो उसे दे दी गयी. बाद में पायलट ने एक बजकर 51 मिनट पर सूचित किया कि आग काबू में है. विमान एक इंजन पर उड़ान भरते हुए दोपहर बाद दो बजकर 31 मिनट पर कोलकाता हवाई अड्डे पर उतरा.

## 'कोरियन गेम' ने ली तीन बेटियों की जान

**09** वें फ्लोर से छलांग लगाकर की आत्महत्या

**18** पन्नों में सुसाइड नोट लिखा मिला

**गाजियाबाद, 04 फरवरी. बीती देर रात 3 सगी बहनों ने 9वें फ्लोर से छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली. यह घटना रात 2.30 बजे की बताई जा रही है. रिपोर्ट्स के अनुसार तीनों बहनें नाबालिग थीं और एक टास्क बेस्ड कोरियन गेम की आदी हो गई थी. उस गेम का नाम कोरियन लवर बताया जा रहा है, जिसमें खेलने वाले को अलग-अलग टास्क दिए जाते थे.**




लड़कियों के परिजनों के मुताबिक, तीनों बेटियों हर वक्त एक साथ रहती थीं. एक साथ नहाती थीं और टॉयलेट जाती थीं. इस कदर गेम की लत थी कि स्कूल भी छोड़ दिया था. रिपोर्ट्स में दावा है कि पिता ने उन्हें गेम खेलने से मना किया और फटकार लगाई. इसके चलते उन्होंने यह कदम उठाया. तीनों बहनें जिस कमरे में सोती थीं, वहां पुलिस को एक डायरी मिली है. इसके 18 पन्नों में सुसाइड नोट लिखा मिला. पुलिस का दावा है कि नोट में लिखा है- मम्मी-पापा सॉरी, गेम नहीं छोड़ पा रही हूं. अब आपको एहसास होगा कि हम गेम से कितना प्यार करते थे, जिसको आप छुड़वाना चाहते थे. कोरियन लव गेम एक ऑनलाइन गेम है. यह इंटरनेट पर चलने वाले ऐसे ऑनलाइन चैट सिस्टम का नाम है, जिसमें सामने वाला खुद को कोरियन या विदेशी लड़का-लड़की बताकर बात शुरू करता है. यह गेम सोशल मीडिया और मैसेजिंग ऐप्स के जरिए फैलता है.


## लीबिया के पूर्व तानाशाह गद्दाफी के बेटे की हत्या

- अज्ञात बंदूकधारियों ने घर में घुसकर गोली मारी
- देश में चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहा था

**त्रिपोली, 04 फरवरी. लीबिया के पूर्व तानाशाह मुअम्मर गद्दाफी के बेटे और कभी देश के सबसे शक्तिशाली उत्तराधिकारी माने जाने वाले 53 वर्षीय सैफ अल-इस्लाम गद्दाफी की हत्या कर दी गई है.**



राजनीतिक सलाहकार अब्दुल्ला उस्मान अब्दुर्रहीम ने सोशल मीडिया पर खबर की पुष्टि की है. इस घटना से लीबिया में वर्षों से चली आ रही उनकी स्थिति को लेकर अनिश्चितता समाप्त हो गई है. यह घटना मंगलवार दोपहर पश्चिमी लीबिया के जिंतान शहर में हुई. बताया जा रहा है कि चार नकाबपोश बंदूकधारियों ने सैफ अल-इस्लाम के आवास पर हमला किया. हमलावरों ने वारदात को अंजाम देने से पहले घर के बाहर लगे सुरक्षा कैमरों को नष्ट कर दिया.



### केंद्रीय रेल मंत्री से मिले सीएम

**भोपाल, 4 फरवरी.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नई दिल्ली में केंद्रीय रेल एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव से संसद भवन में बुधवार को सौजन्य मुलाकात की. उन्होंने मप्र में रेल से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की.

## पीएम मोदी सात को दो दिन की मलेशिया यात्रा पर जाएंगे

**नई दिल्ली, 04 फरवरी (वार्ता) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सात और आठ फरवरी को दो दिन की यात्रा पर मलेशिया की राजधानी क्वालालंपुर जाएंगे. विदेश मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि पीएम मोदी वहां मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे.**



इसके अलावा वह भारतीय समुदाय के लोगों, स्थानीय उद्योगपतियों और कारोबारियों से भी मिलेंगे. वह 10वें भारत-मलेशिया सीईओ फोरम में भी शिरकत करेंगे. प्रधानमंत्री इब्राहिम के निमंत्रण पर क्वालालंपुर जा रहे हैं. यह उनकी तीसरी और दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों के वृहद रणनीतिक स्तर तक उन्नयन के बाद पहली मलेशिया यात्रा है. मलेशिया के साथ भारत की पुरानी मित्रता रही है, जो दोनों देशों के साझा ऐतिहासिक, सभ्यतागत और सांस्कृतिक संबंधों पर आधारित है.

## एसआईआर पर सुको ने ईसी से मांगा जवाब

**नई दिल्ली, 04 फरवरी. सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को चुनाव आयोग से उन नई अंतरिम याचिकाओं पर जवाब मांगा है, जो तृणमूल कांग्रेस के सांसदों द्वारा दायर की गई हैं. इन याचिकाओं में पश्चिम बंगाल में मतदाता सूचियों के 'विशेष गहन संशोधन' (एसआईआर) में मनमानी और प्रक्रियात्मक अनियमितताओं का आरोप लगाया गया है.**



यह मामला भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जयमाल्य बागची की पीठ के समक्ष आया. अदालत ने सांसद डेरेक ओ ब्रायन और डोला सेन द्वारा दायर आवेदनों पर संज्ञान लिया. डेरेक ओ ब्रायन की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने पीठ के सामने तर्क दिया कि चुनाव आयोग द्वारा विशेष गहन संशोधन से संबंधित निर्देश व्हाट्सएप जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से जारी किए जा रहे हैं. उन्होंने आरोप लगाया कि इसकी वजह से बूथ स्तर के अधिकारी बिना किसी औपचारिक या आधिकारिक आदेश के कार्रवाई कर रहे हैं. वरिष्ठ वकील ने यह भी कहा कि चुनाव पैनल ने मतदाताओं की एक नई श्रेणी लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी (तार्किक विसंगति) पेश की है. इसके तहत, जिन मतदाताओं के विवरण में कोई त्रुटि या विसंगति पाई जाती है, उन्हें उनकी पात्रता की अर्ध-न्यायिक सुनवाई के लिए नोटिस जारी किया जा सकता है. चुनाव आयोग का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील ने इन याचिकाओं पर जवाब दाखिल करने के लिए दो सप्ताह का समय मांगा.

### सुको ने नीट-पीजी कट-ऑफ मामले में नोटिस किया जारी

**नई दिल्ली, 04 फरवरी (वार्ता).** सर्वोच्च न्यायालय ने नीट-पीजी 2025-26 की परीक्षा के लिए कट-ऑफ पर्सेन्टाइल कम करने के राष्ट्रीय चिकित्सा परीक्षा बोर्ड (एनबीईएमएस) के निर्णय को चुनौती देने वाली एक जनहित याचिका पर बुधवार को नोटिस जारी किया. न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति आलोक अराधे की पीठ ने इस चुनौती पर गौर किया और निर्देश दिया कि मामले को छह फरवरी को आगे की सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाए. याचिका में एनबीईएमएस की 13 जनवरी की उस अधिसूचना पर सवाल उठाए गए हैं.

## भारत-किर्गिस्तान संयुक्त सैन्य अभ्यास 'खंजर' शुरू

**नई दिल्ली, 04 फरवरी.** भारत-किर्गिस्तान संयुक्त विशेष बल अभ्यास 'खंजर' का 13वां संस्करण बुधवार से असम के मिसामारी में शुरू हो गया. रक्षा मंत्रालय ने बताया कि 17 फरवरी तक चलने वाला अभ्यास खंजर एक वार्षिक प्रशिक्षण कार्यक्रम है, जिसे भारत और किर्गिस्तान द्वारा बारी-बारी से आयोजित किया जाता है. इस अभ्यास का पिछला संस्करण पिछले वर्ष किर्गिस्तान में हुआ था. अभ्यास में भारतीय सेना के 20 सदस्यीय दल पैराशूट रेजिमेंट (स्पेशल फोर्सेस) के सैनिक हिस्सा ले रहे हैं जबकि किर्गिस्तान के दल का प्रतिनिधित्व स्पेशल फोर्सेस ब्रिगेड द्वारा किया जा रहा है.

**जियो-ब्लैकरॉक कार्यक्रम** | ब्लैकरॉक के सीईओ लैरी फिंक के साथ अंबानी ने की चर्चा

## 30 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनेगा भारत

**नई दिल्ली, 04 फरवरी. रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर मुकेश डी अंबानी ने कहा कि भारत अगले 20-30 वर्षों में 25 से 30 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की क्षमता रखता है और यह दौर देश की युवा पीढ़ी के लिए निवेश का एक बहुत बड़ा अवसर होगा.**

मुंबई में आयोजित जियो-ब्लैकरॉक कार्यक्रम 'इन्वेस्टिंग फॉर ए न्यू एरा' में ब्लैकरॉक के सीईओ लैरी फिंक के साथ फायरसाइड चैट के दौरान अंबानी ने भारत की विकास यात्रा का स्पष्ट खाका पेश किया. जियोब्लैकरॉक इवेंट में मुकेश अंबानी ने कहा कि भारत पारंपरिक रूप से बचत का देश रहा है, लेकिन अब समय है कि देश के आगे बढ़ने का फायदा निवेश करके उठाया जाए. बचत को निवेश में बदला जाए.



> अंबानी ने कहा कि भारत के विकास की जड़ें मजबूत नीतियों, राजनीतिक स्थिरता, बड़े पैमाने पर इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण और डिजिटल क्रांति से जुड़ी हैं. 5 प्रतिशत, डिजिटल इंडिया और कैपिटल मार्केट्स के विस्तार से भारत दीर्घकालिक निवेश के लिए आकर्षक केंद्र बन गया है. आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर जोर देते हुए अंबानी ने कहा कि एआई शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में शानदार बदलाव ला सकता है, उनके अनुसार एआई के जरिए उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा, बेहतर हेल्थकेयर और प्रभावी सार्वजनिक सेवाएं 1.4 अरब लोगों तक सुलभ और किफायती रूप में पहुंचाई जा सकती हैं.

## व्हाइट हाउस ने कहा-रूस से तेल नहीं खरीदेगा भारत

**वाशिंगटन, 04 फरवरी. व्हाइट हाउस ने बुधवार को दावा किया कि भारत ने अमेरिका के साथ हुए नए समझौते के तहत रूस से कच्चा तेल न लेने और अमेरिका से ज्यादा तेल खरीदने का निर्णय लिया है.**

व्हाइट हाउस की मीडिया सचिव कैरोलाइन लेविट ने संवाददाताओं से कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच सीधी बातचीत के बाद भारत ने यह प्रतिबद्धता जाहिर की. उन्होंने कहा, जैसा कि आप सब ने देखा, राष्ट्रपति (ट्रंप) ने भारत के साथ एक और बेहतरीन सौदा किया. उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सीधे बात की. उन दोनों का रिश्ता बहुत मजबूत है. लेविट ने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिकी अर्थव्यवस्था में 500 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश का वादा किया है, जिसमें परिवहन, ऊर्जा और कृषि उत्पादों जैसे सेक्टर शामिल हैं. उन्होंने कहा, यह राष्ट्रपति की वजह से एक और शानदार व्यापारिक समझौता है.